VEER ARJUN, Delhi, 15.7.2024
Page No. 11, Size:(21.85)cms X (30.88)cms.

# गेल के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सी आर प्रसाद का निधन

नई दिल्ली, (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सी आर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने लिंक्डइन पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि, उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है। इसमें कहा गया है, डॉ. सी आर प्रसाद 1994 में निदेशक (योजना) के रूप में गेल में शामिल हुए और 1996 में सीएमडी बने थे। वह 2001 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे। उन्हें गेल में बदलाव लाने और इसे एकीकरण के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कंपनी में बदलने का श्रेय जाता है, जिसकी वजह से गैस मूल्य श्रृंखला की पूरी क्षमता का दोहन हो सका। उद्योग जगत के दिग्गजों ने प्रसाद के निधन पर शोक जताया है। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा, सीआरपी सर एक पवित्र आत्मा थे जो हमेशा हर किसी का समर्थन करना चाहते थे। मैं भाग्यशाली हूं कि महानगर गैस लि. (एमजीएल) के दिनों से लेकर हाल ही में जब भी मैं उनसे मिला था, मुझे उनसे पूरा समर्थन और मार्गदर्शन मिला। राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन आर जी राजन ने कहा कि प्रसाद के नेतृत्व में गेल ने न केवल अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, बल्कि तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) क्षेत्र में उतरकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा में भी योगदान दिया।

HINDUSTAN, Delhi, 15.7.2024
Page No. 6, Size:(11.77)cms X (4.76)cms.

# गेल के पूर्व चेयरमैन सी आर प्रसाद का निधन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सी आर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि, कंपनी की ओर से उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है।

BUSINESS STANDARD, Delhi, 15.7.2024
Page No. 4, Size:(17.16)cms X (9.11)cms.

# Former GAIL chairman, MD C R Prasad dies at 83



C R Prasad, former chairman and managing director of state-owned gas utility GAIL (India) Ltd, has died. He was 83. Prasad died on Saturday, GAIL said in a post on LinkedIn. It, however, did not give reasons for the death. "Dr CR Prasad joined GAIL as Director (Planning) in 1994 and rose to the position of CMD in 1996," it said. PTI

ECONOMIC TIMES, Delhi, 15.7.2024
Page No. 5, Size:(16.47)cms X (13.15)cms.

TECHNICAL VIEWS

# Nifty Looks Strong to Move Up to 24,780 and 24,965



Most technical charts show no signs of price and indicator divergence or reversal, leading analysts to expect the Nifty's gradual upward move to extend to 24,780, followed by 24,965 in the coming weeks. Analysts predict strong performance from stocks such as ITC, HUL, HCLTech, ONGC, Gail, Reliance, SBI, HDFC Life, Crompton Greaves, Vedanta, Indraprastha Gas, BPCL, Dalmia Bharat, Zee, Gujarat Industries Power, Entero Healthcare, and Naukri.

## PRITESH MEHTA
ANALYST, **YES SECURITIES**

**Where is Nifty headed?**
The Nifty IT index has surged, propelling Nifty to new heights. IT is currently outshining both BankNifty and Financial indices. However, the extremely high disparity between Nifty's price and its average, coupled with the looming budget, suggests an imminent time-corrective phase. In scenarios where the support base is rising, and our customised breadth is improving, any retracement is likely to be brief. Thus, seizing breakout opportunities can yield substantial rewards. Revised support for Nifty is seen at around 24,200.

**What should investors do?**
The ratio of Nifty Oil & Gas vs Nifty is attempting to break above the February peak. Should this be confirmed, it will signal a continuation of momentum in oil & gas stocks, with ONGC and Gail expected to stand out for a potential rally of 10-12%. Nifty IT index surged 5% in Friday's session and recorded a new 2024 high. Our ratio set-up of customised biggie Nifty IT index vs customised Nifty Midcap IT index shows a potential shift towards large-cap IT names. HCLTech is likely to be a major outperformer among the big boys.

## SACCHITANAND UTTEKAR
ANALYST, **TRADEBULLS SECURITIES**

**Where is the Nifty headed?**
Nifty continues its rally, forming a series of narrow-ranged bodies as it maintains closing above its 5-day EMA support. On the daily scale, its average directional index (ADX) indicator has been trending well above 25 level, which is a good sign of retention of trend strength. Therefore, the 5-day EMA support (24,320) is the immediate level to gauge any loss in the ongoing momentum; and the 20-day EMA level (23,996), is a crucial point for determining trend change in case of corrective action. With no signs of any price and indicator divergence or reversal, we expect this gradual up-move to stretch towards 24,780, followed by 24,965 in the coming weeks.

**What should investors do?**
Participants may opt for taking some part of their profits after the rally from the election day lows, especially from stocks that have had extended rallies. Top bullish picks include Reliance, SBI, HDFC Life, Crompton Greaves, Vedanta, Indraprastha Gas, BPCL, Dalmia Bharat, and Naukri.

## ARPAN SHAH
ANALYST, **MONARCH NETWORTH CAPITAL**

**Where is the Nifty headed this week?**
Traders can expect volatility at 24,000-25,000 in benchmark Nifty. Bank Nifty is trading in the range of 51,800-52,800, and a breakout from this zone will provide a trending move in that direction.

**What should investors do?**
The Nifty IT index has given a fresh breakout, and any dip in heavyweights TCS and HCLTech is a buying opportunity. Defensive stocks like ITC and HUL have also given fresh breakouts, and they can be added even at current levels. Auto stocks are showing signs of profit booking at higher levels, and stocks like M&M and Bajaj Auto are selling on the rise. In banking, HDFC Bank has corrected sharply from its recent high, and it's a buy at the current level. RBL Bank is a short sell idea. Investors are advised to avoid fresh entry into PSU defence and PSU railway stocks as they may witness profit booking at higher levels. From the midcap segment, investors can look to accumulate Zee, Gujarat Industries Power, Entero Healthcare and NLC India.

HINDUSTAN, Delhi, 15.7.2024
Page No. 6, Size:(5.61)cms X (2.06)cms.

# गेल के पूर्व चेयरमैन सी आर प्रसाद का निधन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सी आर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि, कंपनी की ओर से उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है।

गेल
GAIL
BUSINESS STANDARD HINDI, Delhi, 15.7.2024
Page No. 2, Size:(2.94)cms X (3.48)cms.

# गेल के पूर्व सीएमडी सीआर प्रसाद का निधन

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सीआर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने 'लिंक्डइन' पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है। इसमें कहा गया है 'डॉ. सीआर प्रसाद 1994 में निदेशक (योजना) के रूप में गेल में शामिल हुए और 1996 में सीएमडी बने थे।' वह 2001 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे। उद्योग जगत के दिग्गजों ने प्रसाद के निधन पर शोक जताया है। *भाषा*

GAIL गेल
HINDUSTAN - LIVE, NOIDA, 15.7.2024
Page No. 1, Size:(43.22)cms X (7.61)cms.

# तैयारी : यमुना सिटी में 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगा गेल

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रम गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) करीब 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। गेल इंडिया ने यमुना सिटी के सेक्टर-13 में अनुसंधान एवं विकास केंद्र विकसित करने के लिए 35 एकड़ भूमि की मांग की है।

भूमि आवंटन को लेकर यीडा और गेल इंडिया के बीच कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है। केंद्र स्थापना से ऊर्जा सुरक्षा, क्षमता विकास, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। जानकारी के अनुसार गेल इंडिया भारत सरकार का एक प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम है। गेल ने यमुना सिटी में प्राकृतिक गैस, पाइपलाइन परिवहन, पेट्रोकेमिकल्स, नवीकरणीय ईंधन और अन्य भविष्य के क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्य करने के लिए विश्वस्तरीय अनुसंधान और विकास केंद्र (आरएनडी) स्थापित करने की योजना बनाई है। इसकी प्रबंधन परामर्श फर्म के माध्यम से रूपरेखा भी तैयार कर ली है। गेल यमुना सिटी में विकसित होने वाले आरएनडी केंद्र में लगभग 500 से 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने गेल का यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर इस संबंध में जमीन की मांग की है। प्राधिकरण ने कंपनी को आरएनडी सेंटर के लिए सेक्टर-13 में 35 एकड़ जमीन का आवंटन करने का निर्णय लिया है। यह भूमि आवंटन अगले दो-तीन दिनों में होने की संभावना है।



**35** एकड़ जमीन मांगी, सेक्टर-13 में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने की तैयारी

> गेल इंडिया लिमिटेड ने अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करने के लिए जमीन की मांग की है। प्राधिकरण ने उन्हें एयरपोर्ट के नजदीक सेक्टर-13 में भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया है। आवंटन प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी की जाएगी। **-अरुणवीर सिंह,** सीईओ, यमुना प्राधिकरण

## शोध का मुख्य केंद्र बनेगा यीडा क्षेत्र

यमुना सिटी को एक प्रमुख औद्योगिक और शोध केंद्र के रूप में स्थापित करने की तैयारी चल रही है। हाल ही में ही इंडिगो एयरलाइंस ने भी यमुना प्राधिकरण से सेक्टर-29 में एक्सप्रेसवे के किनारे प्राधिकरण से प्रशिक्षण और सिमुलेशन केंद्र शुरू करने के लिए 7.5 एकड़ भूमि मांगी है। यहां पर पालयट, क्रू मेंबर, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, इंजीनियर व एयरक्राफ्ट कंट्रोलर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा अमेरिकी विश्वविद्यालय में भी शोध केंद्र बनाने की योजना प्रस्तावित है।

**नए ऊर्जा संसाधनों की हो सकेगी खोज :** यह परियोजना यमुना विकास प्राधिकरण के संस्थागत क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस निर्णय से न केवल क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। आरएनडी केंद्र के जरिए देश में स्वच्छ उर्जा की मांग को पूरा करने के लिए नए ऊर्जा संसाधनों की खोज हो सकेगी। आरएनडी केंद्र भारत की प्रगति और 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की सोच को पूरा करने में भी अहम साबित होगा।

DAINIK JAGRAN ( JAGRAN CITY ), NOIDA, 15.7.2024
Page No. 1, Size:(8.18)cms X (4.87)cms.

# यीडा क्षेत्र में 700 करोड़ का निवेश करेगी गेल

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गेल इंडिया ने यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-13 में अनुसंधान व विकास केंद्र के निर्माण को 35 एकड़ भूमि की मांग की है। भूमि आवंटन को लेकर प्राधिकरण व गेल इंडिया के बीच प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के करीब बसे सेक्टर-13 में भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया है। आवंटन प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी कर ली जाएगी।

**अनुसंधान व विकास केंद्र स्थापित करने की तैयारी, भूमि आवंटन को लेकर प्राधिकरण व गेल इंडिया के बीच प्रक्रिया हो गई शुरू**

भारत सरकार के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया ने यमुना सिटी में प्राकृतिक गैस, पाइपलाइन परिवहन, पेट्रोकेमिकल्स, नवीकरणीय ईंधन और अन्य क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्य करने के लिए विश्वस्तरीय अनुसंधान और विकास केंद्र (आरएनडी) स्थापित करने की योजना बनाई है। इसकी रूपरेखा सलाहकार से तैयार भी करा ली है। गेल आरएनडी केंद्र में लगभग 500 से 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने गेल का यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर जमीन की मांग की है। यहां पर पालयट, क्रू मेंबर, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, इंजीनियर व एयरक्राफ्ट कंट्रोलर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा अमेरिकी विश्वविद्यालय की भी शोध केंद्र बनाने की परियोजना प्रस्तावित है।

DAINIK JAGRAN, Faridabad, 15.7.2024
Page No. 5, Size:(8.18)cms X (4.87)cms.

# यीडा क्षेत्र में 700 करोड़ का निवेश करेगी गेल

**अनुसंधान व विकास केंद्र स्थापित करने की तैयारी, भूमि आवंटन को लेकर प्राधिकरण व गेल इंडिया के बीच प्रक्रिया हो गई शुरू**

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा** : गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गेल इंडिया ने यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-13 में अनुसंधान व विकास केंद्र के निर्माण को 35 एकड़ भूमि की मांग की है। भूमि आवंटन को लेकर प्राधिकरण व गेल इंडिया के बीच प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के करीब बसे सेक्टर-13 में भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया है। आवंटन प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी कर ली जाएगी।

भारत सरकार के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया ने यमुना सिटी में प्राकृतिक गैस, पाइपलाइन परिवहन, पेट्रोकेमिकल्स, नवीकरणीय ईंधन और अन्य क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्य करने के लिए विश्वस्तरीय अनुसंधान और विकास केंद्र (आरएनडी) स्थापित करने की योजना बनाई है। इसकी रूपरेखा सलाहकार से तैयार भी करा ली है। गेल आरएनडी केंद्र में लगभग 500 से 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने गेल का यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर जमीन की मांग की है। यहां पर पालयट, क्रू मेंबर, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, इंजीनियर व एयरक्राफ्ट कंट्रोलर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा अमेरिकी विश्वविद्यालय की भी शोध केंद्र बनाने की परियोजना प्रस्तावित है।